प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज पुष्कर में चुनावी जनसभा

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया दौरा, पीएम मोदी अजमेर व नागौर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे

पुष्कर, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार छह अप्रेल को पुष्कर के मेला मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री विधायक जनसभा में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेला मैदान में हो रही जनसभा को लेकर प्रशासन और पुलिस हाईअलर्ट हो रखी है। वहीं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पुष्कर में डेरा डाल रखा है तथा मेला क्षेत्र से हेलीपेड तक किलेबंदी करके चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हो रखे है। वहीं अजमेर से दिल्ली तक की सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर नजर आ रही है तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पीएम मोदी यहां अजमेर व नागौर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में शनिवार को विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए सभा स्थल पर भव्य मंच के साथ-साथ आमजन के लिए तीन बड़े डोम तैयार किए जा रहे हैं।

शनिवार को प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री व खंडार विधायक जितेंद्र कुमार गोठवाल, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, जिला प्रभारी बीरम देव सिंह, अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा, शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, अजमेर नगर निगम के उप महापौर नीरज जैन सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने डेरा डाल रखा है तथा सभी अजमेर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक भीड़ जुटाकर पीएम मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए रूप रेखा तैयार कर रहे हैं तथा सभा में एक लाख से अधिक लोग पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

पीएम मोदी की पुष्कर में होने वाली चुनावी जनसभा को लेकर विशाल डोम तैयार किया जा रहा है।

इधर एसपीजी के अधिकारियों ने जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ सावित्री तलहटी के पीछे स्थित अस्थाई हेलीपैड से लेकर सभास्थल तक के तय मार्ग का दौरा किया तथा अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा पुष्कर के राजकीय चिकित्सालय में भी चिकित्सा प्रभारी को आपत्तकालीन चिकित्सा कक्ष तैयार करने तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के निर्देश दिए। इसी के साथ एसपीजी ने तीनों ही स्थानों को अपनी निगरानी में ले लिया गया है।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि ब्रह्माजी की नगरी पुष्कर में 6 अप्रेल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा आयोजित हो रही है। मंत्री रावत ने बताया कि पीएम मोदी 6 अप्रैल को पुष्कर के मेला मैदान में अजमेर व नागौर जिले की जनता को संबोधित करेंगे। सभा में अधिक से अधिक लोग पहुंचे इसके लिए प्रत्येक विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उन्होंने अजमेर और नागौर में जीत का दावा करते हुए कहा कि इस बार पिछली बार से अधिक मतों से भाजपा विजयी होगी। मोदी की 6 अप्रैल को पुष्कर में होने वाली चुनावी जनसभा को लेकर मेला मैदान और हेलीपैड का जिले के आला अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा, आईजी लता मनोज, एसपी देवेंद्र सिंह बिश्नोई, जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित एडिशनल एसपी दीपक कुमार सीओ ग्रामीण रामचंद्र सीओ यातायात पुलिस मनीष बडगुजर सहित भीलवाड़ा टोंक ब्यावर के पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

- **चुनावी सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक शामिल होंगे**

कुत्तों के झुंड ने चार वर्षीय बच्ची को नोंच-नोंच कर मार डाला

बच्ची की मौत के बाद कुत्तों के आतंक से परेशान क्षेत्रवासियों में आक्रोश

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के अंबामाता क्षेत्र में मस्तान बाबा दरगाह के पास शुक्रवार सुबह 7.30 बजे कुत्तों के झुंड ने 4 वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया और उसे नोंच-नोंच कर मार डाला। बच्ची की मौत के बाद कुत्तों के आतंक से परेशान क्षेत्रवासियों में भी आक्रोश है।

अंबामाता थाने के हेडकांस्टेबल रणजीत सिंह ने बताया कि कुत्तों के हमले में सागर, मध्य प्रदेश, निवासी रेशमा (4) पुत्री नदीम खान की मौत हुई है। रमजान का महीना चल रहा है, जिसके चलते नदीम खान परिवार सहित जियारत करने उदयपुर में मल्लातलाई स्थित मस्तान बाबा दरगाह आया हुआ है और यहीं ठहरा हुआ है। जुम्मे की नमाज के चलते सुबह जल्दी तैयार होने के लिए नदीम बच्ची को लेकर सुबह दरगाह परिसर में स्थित सुलभ कॉम्पलैक्स गया। सुबह 7.30 बजे बच्ची को नहलाकर तैयार कर नदीम ने सुलभ कॉम्पलैक्स परिसर में बैठा दिया और खुद नहाने चला गया। इसी दौरान बच्ची खेलते-खेलते सुलभ कॉम्पलैक्स के बाहर आ गयी, यहां मौजूद कुत्तों ने झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह नोंच डाला। बच्ची की आवाज सुनकर नदीम सहित अन्य लोग दौड़कर वहां पहुंचे, कुत्तों को भगाकर गंभीर घायल बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- **एम.पी. का परिवार जियारत करने उदयपुर में मस्तान बाबा दरगाह आया था**

हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

भीलवाड़ा, (निसं)। स्कूटर सवार पति-पत्नी को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में पति की मौत हो गई जबकि घायल पत्नी को इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों पति-पत्नी स्कूटर पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। इनमें से किसी ने 108 को फोन किया जिसकी सहायता से इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र का है।

थाने के एएसआई एजाजुद्दीन ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले 50 वर्षीय सुरेश सेन अपनी पत्नी मंजू के साथ पटेल नगर क्षेत्र में चंबल परियोजना ऑफिस के पास से अपने घर की ओर जा रहे थे, इसी बीच अज्ञात वाहन ने उनके स्कूटर को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी मंजू को इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे के बाद चालक मौके तो फरार हो गया।

छत पर सो रही छात्रा से दुष्कर्म, मामला दर्ज

रिपोर्ट में रिश्ते में लगने वाले चाचा पर पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाए

बीकानेर, (निसं)। जिले के नापासर पुलिस थानान्तर्गत रात को अपने घर की छत पर सो रही एक 11 वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस आशय की रिपोर्ट पीड़िता ने पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में रिश्ते में लगने वाले चाचा पर पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाए है।

पीड़िता की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया कि वह 11 वीं कक्षा में पढ़ रही है तथा इन दिनों परीक्षा की तैयारी कर रही है। उसके माता पिता खेत ढाणी में रहते हैं तथा वह अपने दादा जी के साथ रह रही है। आरोप है कि एक अप्रेल की रात को उसके छोटे भाई-बहन घर की छत पर सो रहे थे। रात को 10 बजे तक पढ़ाई करने के बाद वह भी छत पर जाकर अपने बहन-भाई के साथ सो गई। जबकि दादा नीचे कमरे में सो रहे थे। आरोप है कि रात को 11 बजे अचानक उसकी सांस में तकलीफ हुई तो उसकी आंख खुल गई। आरोप है कि इस दौरान रिश्ते में लगने वाला चाचा उसके साथ गलत काम कर रहा था।

जब उसने चिल्लाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मुंह हाथ से बंद कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उसकी फोटो मोबाइल पर खींच ली तथा चिल्लाने पर उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। जब उसका हाथ मुंह से हटा तो वह जोर से चिल्लाई तो उसके भाई-बहन जाग गए। उनके जागने के साथ ही आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करने के साथ ही पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया है।

- **पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल करवाया**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का कांग्रेस के घोषणा पत्र पर पलटवार

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर पलटवार करते हुए झूठ का पुलिंदा बताया। सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने 55 सालों तक देश पर राज किया, इस दौरान उन्होंने किसान, गरीब कल्याण और देशहित में क्या किया यह जनता जानना चाहती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जनता से झूठ वादे करके सत्ता हासिल करती आ रही है, जो काम कांग्रेस ने 55 सालों में नहीं किए भाजपा की मोदी सरकार ने उससे ज्यादा काम पिछले दस सालों में कर दिखाया। सालों तक गरीबी हटाओं का नारा देने वाली कांग्रेस ने गरीबी हटाने पर कभी काम नहीं किया, मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में देश के विकास और हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ में विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। शुरुआत जौहर श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शोभायात्रा के स्वागत से किया जहां चित्तौड़गढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान सीपी जोशी ने भी शोभायात्रा पर फूल बरसाए। उसके बाद में चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर हवन एवं जनसभा कार्यक्रम में भी सम्मिलित होकर सभा को संबोधित किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, चंद्रभान सिंह आक्या, सुरेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर सहित संस्थान के पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहा। चित्तौड़गढ़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने चुनाव कार्यालय पर पूर्व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सहित पार्टी और समाज में विभिन्न पदों पर रहे नारायण सिंह बडोली, पूर्व प्रधान भूपालसागर सुभाष सिंह राणावत, निंबाहेडा क्षेत्र के पूर्व सरपंच ललित सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कपासन प्रकाश चौधरी सहित कई नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने चित्तौडगढ़ शहर मंडल के पन्नाधाय शक्ति केन्द्र पर बूथ संख्या 157 में कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक कर स्थापना दिवस पर किए जाने वाले कार्यों को लेकर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है। इस दिन कार्यकर्ताओं को हर घर पर भाजपा का ध्वज और दरवाजे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्टीकर लगाना है, साथ ही भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और प्रत्याशी व भाजपा की अपील लिखा पत्रक हर घर तक पहुंचाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर पन्ने पर 60 मतदाता होते है। कार्यकर्ता हर पन्ने को चार लोगों में बांटकर संपर्क करे। मतदान दिवस तक हर मतदाता से तीन बार संपर्क करना है और राष्ट्रिहत में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट, मंडल अध्यक्ष सागर सोनी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- **सीपी जोशी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया**
- **चित्तौडगढ़ में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए सीपी जोशी**

धोखाधड़ी कर 61.90 लाख रुपए हड़पे, मामला दर्ज

अजमेर, (कासं)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में किसी और की संपत्ति को अपनी बना फर्जी दस्तावेज बनाकर 61 लाख 90 हजार रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा संपत्ति की रजिस्ट्री नहीं कराने में आरोपियों आनाकानी करने पर चला। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर संपत्ति बेच कर धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कवंडसपुरा निवासी अभिजीत गोयल पुत्र अशोक कुमार गोयल ने सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत देते हुए 61 लाख 90 हजार रुपए हड़पने का मामला दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित गोयल ने बताया कि पड़ोस में दुकान चलाने वाले जगदीश नारवानी पुत्र चुन्नीलाल ने एक सम्पति को एक करोड़ 23 लाख में बेचने का इकरारनामा किया और 61 लाख 90 हजार रुपए ले लिए। पीड़ित ने कहा कि संपत्ति के हक अधिकार होने का झूठा झांसा देकर जगदीश नारवानी, दिनेश नारवानी, गोपाल नारवानी की ओर से इकरारनामा किया गया।

पीड़ित ने अभिजीत गोयल ने बताया कि इकरारनामा के कुछ दिनों बाद उन्होंने सम्पत्ति की रजिस्ट्री करवाने के लिए आरोपियों से कहा तो इन लोगों ने रजिस्ट्री कराने में आनाकानी करना शुरू कर दी। शक होने पर जब सम्पत्ति के बारे में जानकारी पता की तो यह सम्पति आशा गुप्ता के नाम पर दर्ज पाई गई। आशा गुप्ता ने पूर्व में ही इस संपत्ति का बेचान 56 लाख 10 हजार रुपए में पहले ही किसी अन्य को कर दिया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जगदीश नारवानी, दिनेश नारवानी, गोपाल नारवानी ने धोखाधड़ी से फर्जी दस्तावेज के आधार पर इकरारनामा कर 61 लाख 90 हजार रुपए हड़प लिए है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **रजिस्ट्री कराने में अनाकानी करने पर खुला मामला**
- **सम्पत्ति के बारे में जानकारी पता की तो दूसरे नाम पर दर्ज मिली**

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। क्लॉक टावर थाना पुलिस ने एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

क्लॉक टावर थानाधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने आरोपी महेन्द्र सिंह के खिलाफ शादी का झांसा देकर बलात्कार करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने अनुसंधान करते हुये आरोपी की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की और आसूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी महेन्द्र सिंह को डिटेन कर थाना क्लॉक टावर लाया गया, जिसे बाद अनुसंधान आरोपी के विरूद्ध अपराध साबित पाया जाने पर गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी चौधरी ने बताया कि पीडिता ने 19 मार्च को लिखित रिपोर्ट देते हुए बताया कि मेरे पति का देहांत लगभग 25 वर्ष पूर्व हुआ था और एक व्यक्ति जिसका नाम महेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह से मेरे पति का अच्छा व्यवहार था और मेरे पति के स्वर्गवास पश्चात महेन्द्र ने कहा कि मैं आपकी सहायता करूंगा और आपका ध्यान रखूंगा तथा उसने मुझे बहला फुसला कर सम्पर्क बढ़ाया और कहा कि मैं आपसे शादी कर लूंगा। मैंने उसे मना कर दिया, लेकिन उसके बाद भी वह मेरे घर आने जाने लगा और मुझे शादी का आश्वासन देता रहा और मेरी इच्छा के विरूद्ध जबरदस्ती संबंध बनाए। जब पुलिस में कार्यवाही करने की बात कही तो महेन्द्र ने कहा कि मेरे फर्क नहीं पड़ेगा, तुम्हारी ईज्जत खराब हो जाएगी। महेन्द्र जबरन मेरे साथ संबंध बनाता था। जब भी कार्यवाही करने की बात कहती तो शादी का आश्वासन देकर रिपोर्ट देने से रोक देते साथ आरोपी ने पीहर से जो 11 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

सोलर प्लांट में डकैती व फायरिंग करने वाली गैंग का खुलासा, आठ गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर रेंज की विशेष टीम ने सोलर प्लांट में लूट डकैती, फायरिंग करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए तीन मुख्य आरोपियों सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें गैंग का सरगना भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से 33 सोलर प्लेटें, टील कंडक्टर 50 मीटर, गॉय वायर, बैक स्टे क्रॉस प्लेट भी बरामद की है।

आरोपियों को पकड़ने के लिए फलोदी जिला पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना के नेतृत्व में पुलिस की ओर से 4 मार्च को एका चौराहा पर नाकाबंदी करवाई गई। पुलिस की नाकाबंदी पर भगाने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने तीन आरोपी शिव प्रताप रामस्वरूप और विनोद को पकड़ लिया।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया पुलिस ने सोलर प्लांट में लूट, डकैती, चोरी, फायरिंग जैसी वारदातों का खुलासा करने के लिए रेंज स्तरीय विशेष टीम बनाई थी। इस ऑपरेशन को सेवंथ हॉर्स का नाम दिया गया था। इसके तहत पुलिस ने शिव प्रताप (27) पुत्र बगडू राम विश्नोई निवासी सरनायत पुलिस थाना रामदेवरा को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ जिला जैसलमेर, बीकानेर, नागौर, जोधपुर ग्रामीण और कमिश्नरेट में 20 मामले चल रहे हैं। जिसमें वह फरार चल रहा था। आरोपी रामदेवरा थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। आरोपी जल्द अमीर बनने के चक्कर में अलग-अलग चोरी की गैंग के साथ मिलकर लूट डकैती और चोरियां करता था।

पुलिस ने गैंग के सात अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जिसमें रामस्वरूप (26) निवासी मदासर पुलिस थाना नोख, विनोद (27) विश्नोई निवासी मदासर, रईस (40) पुत्र निवासी जलोडा, आमिर (36) निवासी सरदारपुरा, रिजवान (34) निवासी चांदना भाखर, मोहम्मद शरीफ (34) निवासी भिंवजी का गांव पुलिस थाना बाप, मकसूद (38) निवासी हिंडालगोल पुलिस थाना फलोदी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रईस 0029 गैंग का सदस्य है। उसके खिलाफ 10 मामले चल रहे हैं।

सांभर तहसील के नाम शुद्धिकरण का मामला पूर्ववर्ती सरकार ने अटकाया

सांभरझील, (निसं)। राजस्व रिकॉर्ड में तहसील फुलेरा मुख्यालय सांभरलेक के स्थान पर तहसील सांभर शुद्ध कराने के लिए वर्ष 2012 से लंबित चल रहे मामले का निवर्तमान सरकार ने इस पत्रावली को ठंडे बस्ते में डाल कर तमाम प्रशासनिक बड़े अफसरों की रिपोर्ट/सिफारिश को पूरी तरह से नजर अंदाज कर विराम लगा दिया, जबकि इस मामले में प्रमुख शासन सचिव की अभिशंसा व जांच रिपोर्ट भी शामिल थी कि 'तहसील फुलेरा मुख्यालय सांभरलेक के स्थान पर तहसील सांभर' राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है।

इस मामले में तहसीलदार, उपखंड अधिकारी जिला कलेक्टर व राजस्व मंडल भी यह बात लिखित में सरकार को बता चुके हैं कि वर्ष 1952 से तहसील कार्यालय, सांभर मुख्यालय पर ही संचालित हो रहा है तथा इस बात का कभी कोई दस्तावेजी साक्ष्य व ठोस प्रमाण तमाम जांच के बाद प्राप्त नहीं हुआ कि तहसील कार्यालय कभी भी फुलेरा संचालित हुआ हो, इस बात का खुलासा खुद सरकार ने भी आरटीआई में मांगी गई सूचना के आधार पर राजस्व विभाग के पूर्व लिपिक शैलेश माथुर को उपलब्ध भी करवाई है।

राजस्व विभाग के तमाम अधिकारियों ने सरकार को यह भी लिखा कि तहसील दूदू मुख्यालय मौजमाबाद की भी यही टेक्निकल प्रॉब्लम थी जिसे सरकार ने 2012 से पहले ही राज्यपाल की आज्ञा से गजट नोटिफिकेशन जारी कर इस भूल को सुधार चुकी है, इसको भी आधार बनाकर सिफारिश की गई लेकिन बताया जा रहा है कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत की फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के प्रति अंदरूनी राजनीतिक नाराजगी इस कदर रही कि उन्होंने सांभर के इस महत्वपूर्ण मसले को ही हल करने के बजाय इस पर पूर्ण विराम लगा दिया। आश्चर्य तो इस बात का है कि वर्ष 1952 से ही सांभर को जिले का दर्जा दिलाने का दंभ भरने वाले नेताओं ने सात दशक में कभी भी इस समस्या को न तो उठाया और नहीं सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से इसकी पैरवी कर सके, लिहाजा यह मामला आज भी लंबित है।

पूर्व लिपिक माथुर का कहना है कि अब इस मामले को राजस्थान उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर ले जाएंगे, क्योंकि यहां के नेताओं के बस की बात नहीं है कि वह इसको हल करवा सके।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल पिलानी आएंगे

झुंझुनूं/पिलानी, (निसं)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार, 7 अप्रेल को पिलानी आएंगे। जहां वे कस्बे के उत्सव मैदान में दोपहर एक बजे लोकसभा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

चुनाव प्रचार के लिए आ रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे की तैयारियों को लेकर सरगर्मियां बढ़ गई हैं। जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक बैठक पिलानी में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को मंडल और बूथवार जिम्मेदारियां सौंपी गई। लोकसभा प्रभारी ने जनसभा को सफल बनाने की जिम्मेदारी देते हुए बूथ स्तर तक जन सम्पर्क करने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए। उन्होंने बताया कि पार्टी प्रत्याशी शुभकरण चौधरी और प्रदेश के अन्य बड़े नेता भी रक्षा मंत्री की जनसभा में शामिल होंगे।

सभा की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई।

रक्षा मंत्री की जनसभा को लेकर आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी सेवाराम गुप्ता, संयोजक मुरलीधर शर्मा, जिला महामंत्री राजेश दहिया, विकास लोटिया, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राठौड़, बाबूलाल वर्मा, सज्जन कोठारी, होशियार शर्मा, ओमप्रकाश सोनी, दिलीप स्वामी, विजय कुमार हलवाई, राजकुमार नायक, नगेंद्र बंटी नोवाल, राजू फोरमैन, मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, राजेश्वर सिंह राठौड़, हर्षवर्धन सिंह शेखावत, रिसाल कंवर, अनीता जांगिड़, अंजू काला, सुरेन्द्र सोनी, विक्रम रोहिल, मदन डारा, आसाराम गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

- **शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा करेंगे राजनाथ सिंह**
- **कार्यकर्ताओं को मंडल और बूथवार जिम्मेदारियां सौंपी**

Rajasthan Medical Services Corporation Limited, Jaipur

Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur - 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax : 0141-2228065 E-mail : rmsc.supply2@gmail.com

CIN:U24232RJ2011SGC035067 Website: http://rmsc.health.rajasthan.gov.in

क्रमांकः– एफ.4(1)/आरएमएससी/सप्लाई/अन्तर DDW परिवहन/2023–25/6133 दिनांकः–22.03.2024

CLARIFICATION/CORRIGENDUM/ADDENDUM

Sub:- Revised bid submission date of the rate contract for:- वर्ष 2024–26 (अप्रैल, 2024 से मार्च, 2026) में औषधियों/सर्जिकल्स/सूचर्स आदि के अन्तर जिला/मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृह (राज्य एवं राज्य के बाहर) परिवहन कार्य। ई–निविदा क्रमांकः– एफ. 4(1)/आरएमएससी/सप्लाई/अन्तर DDW परिवहन/2023–25/8013 दिनांक 14.03.2024

In Reference to subject cited above, The following Clarification/Corrigendum/Addendum is issued for inclusion in Bid document of items as below:-

Revised Bid Schedule:-

E-bids are invited as per following revised time schedule:-

Existing Dates				Extended Dates			
Last Date for Sale of Bid Form	Last Date of Receipt of Bid Form	Last Date of submission of bid document fees	Date of Opening of Technical Bid	Last Date for Sale of Bid Form	Last Date of Receipt of Bid Form	Last Date of submission of bid document fees	Date of Opening of Technical Bid
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
22.03.2024 12:00 p.m.	22.03.2024 12:00 p.m.	22.03.2024 12:00 p.m.	22.03.2024 04:00 p.m.	22.04.2024 12:00 p.m.	22.04.2024 12:00 p.m.	22.04.2024 12:00 p.m.	22.04.2024 4:00 p.m.

Note:- Please note that all above amendments/corrigendum in technical specifications/bid conditions is the integral part of and the bid document. This corrigendum/ addendum should be signed and annexed with bid document. All other terms & conditions remains the same.

Raj.Samwad/C/24/6 OSD, RMSCL, Jaipur